आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.05.2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-'सुभाषितम'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'सुभाषितम' के तहत संदेश साझा करते हुए कहा कि सच्चा ज्ञान देश, समाज और पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलता है। उन्होंने एक संस्कृत श्लोक भी पोस्ट किया जिसका मतलब है कि आत्मा स्वभाव से शुद्ध और स्वयं प्रकाशमान है, लेकिन अज्ञान के कारण वह मलिन दिखती है और ज्ञान से फिर अपने असली स्वरूप में आ जाती है।

राष्ट्रपति-सिक्किम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज तीन दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंची हैं। यहां राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने उनका स्वागत किया। पहले दिन वे महिलाओं के लिए खास गुलाबी बसों का उद्घाटन करेंगी और ऑर्किडेरियम और नामग्याल तिब्बत विज्ञान संस्थान का दौरा करेंगी। दूसरे दिन नाथुला दर्रे की यात्रा के साथ सिक्किम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। दौरे के आखिरी दिन वे सिक्किम पुलिस को 'राष्ट्रपति पुलिस ध्वज' से सम्मानित करेंगी, जिसके साथ सिक्किम यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाला देश का 15वां राज्य बन जाएगा।

पद्मश्री- सीएम बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में भोपाल निवासी दो विभूतियों को पद्मश्री सम्मान से नवाजा है। कैलाश चन्द्र पन्त को शिक्षा और साहित्य और डॉ. नारायण व्यास को पुरातत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि इनके कार्यों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन महान हस्तियों का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

मोदी-कार्यकाल 12 साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को आज 12 साल पूरे हो गए। 26 मई 2014 को उन्होंने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने

प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, सांस्कृतिक गौरव और वैश्विक नेतृत्व के नए आयाम स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री-शिप्रा-चुनरी

उज्जैन में दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का आज समापन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम पांच बजे मां क्षिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे। इस परिक्रमा की शुरुआत कल गंगा दशहरा के मौके पर मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव यादव ने राम घाट पर पूजन कर की थी। यह परिक्रमा 23 साल पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ही मां शिप्रा के संरक्षण के लिए शुरू की थी।

शिवराज-मोदी पर किताब

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की लिखी किताब 'अपनापन- नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' का आज नई दिल्ली में विमोचन हुआ। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने इस किताब को लोकार्पित किया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा-

आयुष मंत्री -खजुराहो

21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयुष मंत्रालय पूरे देश में 100 दिनों की काउंटडाउन सीरीज चला रहा है। इसके तहत 25वें कार्यक्रम की मेजबानी खजुराहो कर रहा है। इसी सिलसिले में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप जाधव आज खजुराहो पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा और विधायक अरविंद पटेरिया ने उनका स्वागत किया।

मौसम

इस बार नौतपा आते ही प्रदेश में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। छतरपुर के खजुराहो में पारा 47.2 डिग्री तक पहुंच गया जो अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है, वहीं नौगांव में 46.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। प्रदेश के करीब 45 जिले हीटवेव की चपेट में हैं और मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में रेड अलर्ट जारी कर दिया है। अच्छी खबर ये है कि 28 मई से प्री-मानसून की दस्तक हो सकती है और 14 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

ईद-उल-जुहा

प्रदेश सरकार ने ईद-उल-जुहा यानी बकरीद का सरकारी अवकाश 27 मई की जगह 28 मई कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया है। इसके बाद अब 27 मई को सभी सरकारी दफ्तर और बैंक सामान्य रूप से खुले रहेंगे। दरअसल चांद की स्थिति के अनुसार बकरीद 28 मई को पड़ रही है, इसलिए बैंक यूनियनों समेत कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तारीख बदलने की मांग की थी।

संक्षिप्त समाचार

- झाबुआ के ग्राम रंभापुर के हाट बाजार में संभाग स्तरीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा बिक रहे खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जांच की गई।
- छिंदवाड़ा के खिलाड़ियों ने शिमला में आयोजित नेशनल स्केटिंग चैम्पियनशिप स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल सहित 5 मेडल हासिल किये हैं।
- खंडवा के मान्धाता के आरक्षक रवि सोलंकी ने ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में डूब रहे महाराष्ट्र निवासी युवक की जान बचाई।
- आगरमालवा जिला अस्पताल में तम्बाकू व्यसन मुक्ति केंद्र स्थापित किया गया है।